आकाशवाणी केन्द्र शिमला

09.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे

एक्ज़िट पोल प्रतिबंध

मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने आज शिमला में बताया कि लोकसभा की 4 सीटों के चुनाव व 6 विधानसभा क्षेत्रों में उप–चुनाव के दृष्टिगत 19 अप्रैल, 2024 को प्रातः 7 बजे से एक जून, 2024 को सायं साढ़े 6 बजे तक किसी भी प्रकार के एक्जिट पोल का आयोजन करने और प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी प्रकार के अन्य प्रचार–प्रसार करने पर प्रतिबंध रहेगा।

अनुराग ठाकुर

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कांग्रेस पार्टी व उसके सहयोगी दलों पर सनातन विरोधी होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता अकसर सनातन धर्म के खिलाफ बयान देते रहते हैं जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरी दुनिया में सनातन को आगे बढ़ाने काम किया है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि हिमाचल में कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव में अपनी जीत को 95 प्रतिशत हिन्दुओं की हार के रूप में दिखाया था जो हमारी गौरवशाली विरासत पर हमला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस पार्टी से अपना ही घर नहीं संभल रहा है और आरोप भाजपा पर लगा रहे हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि पिछले कई महीनों से कांग्रेस के ही विधायक मुख्यमंत्री पर उनकी बात न सुनने के आरोप लगा रहे थे जिससे स्पष्ट है कि वे कांग्रेस पार्टी में घुटन महसूस कर रहे थे। अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भाजपा लोकसभा चुनाव में 400 पार के संकल्प को पूरा करेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि एन.डी.ए. को बहुमत दिलाने में तमिलनाडु और दक्षिण क्षेत्र के अन्य सभी राज्य एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

सुक्खू

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू से आज नादौन में लाहौल–स्पीति के पार्टी कार्यकर्ताओं ने मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं के साथ लोकसभा चुनाव सहित विधानसभा उपचुनाव को लेकर चर्चा की। सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा कि कार्यकर्ताओं में चुनाव को लेकर उत्साह है और निश्चित रूप से धनबल हारेगा और जनबल की जीत होगी। इस बीच मुख्यमंत्री ने एन.एस.यू.आई. के स्थापना दिवस पर सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि एन.एस.यू.आई. से उन्हें हमेशा ही सकारात्मक राजनीति करने की प्रेरणा मिली है।

जयराम ठाकुर

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस केवल गरीबी हटाओ का नारा लगाती है जबकि मोदी सरकार ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार ने करोड़ों योजनाएं शुरू कर लोगों को लाभान्वित करने का प्रयास किया है। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य भारत को विकसित बनाना है जबकि कांग्रेस व इंडी गठबंधन का लक्ष्य मोदी को रोकना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का भविष्य देखकर इनके नेता पार्टी छोड़ रहे हैं और चुनाव लड़ने से भी किनारा कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि केन्द्र सरकार ने किसान सम्मान निधि योजना से 12 करोड़ से ज़्यादा परिवारों को लाभान्वित किया है। इसी तरह आयुषमान योजना से देश के 60 करोड़ से ज़्यादा लोगों को फायदा हुआ और 80 करोड़ गरीबों को निशुल्क राशन, 12 करोड़ शौचालय, 4 करोड़ गरीबों को घर, 10 करोड़ महिलाओं को उज्जवला कनेक्शन और 14 करोड़ से ज़्यादा लोगों को नल से जल देने का कार्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने किया है।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि वर्तमान राज्य सरकार को कोई खतरा नहीं है और वो पांच साल का कार्यकाल पूरा करेगी। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि विधानसभा में अंक गणित कांग्रेस सरकार के पक्ष में है इसलिए भाजपा नेता प्रदेश की जनता को भ्रमित करना बंद कर दें। रोहित ठाकुर ने कहा कि भाजपा ने धनबल से वर्तमान प्रदेश सरकार को अस्थिर करने का प्रयास किया था लेकिन भाजपा का नकाब प्रदेश की जनता के सामने से हट गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी से दगाबाज़ी करने वाले पूर्व विधायकों को टिकट देकर भाजपा ने साबित कर दिया है कि पूरे प्रकरण के पीछे उसका हाथ था।

इस बीच, मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर और मोहन लाल बराक्टा ने शिमला से जारी एक संयुक्त बयान में कहा है कि कांग्रेस के 6 विधायकों को गद्दारी के लिए प्रदेश की जनता कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस पार्टी नेक व स्वच्छ छवि वाले नेताओं को चुनाव मैदान में उतारेगी और जल्द ही प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी।

कुलदीप राठौर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता और ठियोग विधानसभा क्षेत्र से विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने कहा है कि भाजपा का जहाज बढ़ते बोझ से डूब जाएगा। आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रदेश के चुनाव के दौरान सेब बागवानों से बड़े–बड़े वायदे किए थे लेकिन एन.डी.ए. की सरकार के सत्ता में आने के बाद सेब आर्थिकी पर संकट पैदा हो गया। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने आयात शुल्क घटा दिया जिससे ईरान का सेब बाज़ार में आना शुरू हो गया और हिमाचल के सेब के दाम आशा के अनुरूप नहीं मिल पाए। उन्होंने सेब पर आयात शुल्क सौ फीसदी करने की केन्द्र से मांग की है। कुलदीप राठौर ने कहा कि केन्द्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण देश में बेरोज़गारी और महंगाई लगातार बढ़ रही है। उन्होंने भाजपा पर लोगों को बांटने का आरोप लगाते हुए कहा कि देश को एन.डी.ए. सरकार से खतरा उत्पन्न हो गया है।

———————————————————